खबर संक्षेप

पुलिस पदक से सम्मानित हुए एलएसटीपीपी लारा के प्रदीप

रायगढ़। केऔसुब इकाई एलएसटीपीपी रायगढ़ के बल संख्या 884658423 सहायक उप निरीक्षक कार्य प्रदीप कुमार देवता को स्वतंत्रता दिवस के अवसर

पर श्सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। यह पदक राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण एवं प्रतिबध्दुता के लिए प्रदान किया गया है। श्री देवता रायगढ़ जिले के मिडमिडा गाँव के रहने वाले हैं जो 38 वर्ष पूर्व सन 1988 में इस बल में शामिल हुए थे। बल सदस्य नें इसीएल शीतलपुर एवं बीआईओएम बचेली जैसी कठिन इकाईयों सहित दिल्लीए मुम्बई एवं बैग्लोर जैसे संवेदनशील हवाई अड्डो पर अपनी सेवायें दी हैं। वर्तमान में बल सदस्य एलएसटीपीपी रायगढ़ में अपनी सेवायें दे रहे हैं।

अर्चना के ईको ब्रिक बैंक का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

रायगढ़। जिस प्लास्टिक को लोग अक्सर अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं, उसी प्लास्टिक में संभावना तलाशने वाली पीएम

सेजेस धरमजयगढ़ की कक्षा 11वीं की छात्रा अर्चना एक्का ने अपने नवाचार से नई मिसाल कायम की है। अर्चना की परियोजना ईको ब्रिक बैंक प्लास्टिक कचरे को उपयोगी उत्पादों में बदलना का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि आर्चना की रचनात्मक सोच, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और समस्या के व्यावहारिक समाधान तलाशने की क्षमता को दर्शाती है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अर्चना ने दुर्ग स्थित छत्रपति शिवाजी प्रौद्योगिकी संस्थान सीएसआईटी में आयोजित राज्य स्तरीय मार्गदर्शन सत्र में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व किया। यहां उन्होंने विशेषज्ञों एवं मार्गदर्शकों के समक्ष अपने नवाचार का प्रतिरूप प्रस्तुत किया। मार्गदर्शन के दौरान मिले सुझावों के आधार पर उन्होंने परियोजना में आवश्यक सुधार किए। पर्यावरण से जुड़ी वास्तविक समस्या के समाधान की दिशा में किए गए इस प्रयास और इसकी उपयोगिता को देखते हुए उनके प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया। ईको ब्रिक बैंक परियोजना का मूल विचार फेंके गए प्लास्टिक को एकत्रित कर उसका पुनः उपयोग करते हुए टिकाऊ और उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करना है। इसके माध्यम से प्लास्टिक कचरे से फर्नीचर सहित विभिन्न उपयोगी उत्पाद तैयार करने की संभावनाओं पर काम किया गया है। अर्चना का यह नवाचार विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के बेहतर प्रबंधन की दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है। परियोजना के माध्यम से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने, बल्कि लोगों में कचरे के पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया है। आर्चना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्गदर्शक अनामिका लहरे के निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को देती हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य हकीम उल्लाह खान और व्याख्याता रवि कुमार यादव ने भी उनके नवाचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

साढ़े तीन सौ गांवों के डेढ़ हजार से अधिक किसानों ने किया था सरसों की खेती

खुले बाजार में सरसों की ज्यादा कीमत, इसलिए किसानों ने पीएम आशा में नहीं की बिक्री

- पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान)के तहत केवल 680 किसानों ने कराया था पंजीयन
- केवल 142 किसानों ने ही किया सरकारी कीमत पर बिक्री, बाकी किसानों ने दे दिया व्यापारियों को सरसों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेढ़ हजार किसानों में केवल 142 किसानों ने ही सरकारी कीमत पर सरसों बिक्री किया है। कारण खुले बाजार में इसकी कीमत के साथ आसानी से बिक्री को माना जा रहा है। जबकि जिले में करीब तीन सौ गांवों के डेढ़ हजार से अधिक किसानों ने रबी सीजन में सरसों की खेती किया था, लेकिन सरकारी कीमत पर बिक्री के लिए मात्र 680 किसानों ने ही पंजीयन कराया था। इसमें से भी केवल 142 किसान ही समितियों में बिक्री करने पहुंचे।

रबी सीजन में किसानों को दलहन- तिलहन की ओर आकर्षित करने के लिए बीते 2018 में पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) योजना चालू की गई थी। इसमें सरकारी कीमत पर अधिसूचित फसलों की खरीदी करना था। हालांकि जो सरकारी कीमत तय की गई थी वह खुले बाजार से काफी कम था। ऐसे में किसानों ने इस योजना का लाभ लेने के बजाए व्यापारियों को ही बिक्री कर दिया। दूसरी ओर सरकारी बिक्री में मापदंड इतने कड़े हैं कि किसानों को यह रास ही नहीं आ रही है। इसके कारण किसान सीधे व्यापारियों से ही सौदा कर देते हैं। इस साल भी ऐसे ही हुआ। पीएम आशा में सरसों बिक्री करने के लिए बमुश्किल 680 किसानों ने पंजीयन कराया था। इसमें भी केवल 142 ने ही 1159.20 क्विंटल ही बिक्री किया। जबकि रकबा और किसानों की संख्या के हिसाब से जिले में सैकड़ों क्विंटल उत्पादन होने का अनुमान है।

व्यापारी देते हैं नकदी

व्यापारी सरसों को प्रति किलो करीब 75-80 रुपए में खरीदी करते हैं, जबकि सरकारी कीमत 60 रुपए ही है। ऐसे में किसानों को प्रति किलो 15-20 रुपए का नुकसान होता है। दूसरी ओर व्यापारी किसानों के घर से सरसों उठाते हैं, जबकि किसानों को कम से कम 15-20 किमी दूर सहकारी समिति तक ले जाना पड़ता है। इससे ट्रांसपोर्टिंग चार्ज लग जाता है। कुल मिलाकर बाजार में खुले में किसानों को ज्यादा कीमत मिलता है इसलिए सरकारी कीमत पर बिक्री के लिए तैयार नहीं होते हैं। इसका अंदाजा इस साल सरकारी कीमत पर हुई सरकारी खरीदी के आंकड़ों से सहज ही लगाया जा सकता है।

तीन फसलों के किया गया था अधिसूचित

इस साल रबी सीजन में तीन फसलों को पीएम आशा अभियान के तहत खरीदी के लिए अधिसूचित किया गया था। इसमें चना, मसूर और सरसों शामिल है। चना तो रायगढ़ जिले में होता ही नहीं है। मसूर भी नहीं के बराबर होता है, सरसों इस साल काफी मात्रा में किसानों ने लगाया था। रबी सीजन में सरसों का उत्पादन भी काफी अच्छा होने का अनुमान है। खुले बाजार में किसानों को काफी अच्छी कीमत मिलने से अच्छा आमदनी होने की बात कही जा रही है।

इन समितियों को किया गया था अधिकृत

सरसों समेत अन्य फसलों की सरकारी कीमत पर खरीदी के लिए शासन की ओर से जिले में 9 सहकारी समितियों को अधिकृत किया गया था। इसमें प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कोतरा, मुरा, तमनार, कोड़ातराई, सरमजयगढ़, छाल, कुडूमकेला, घरघोड़ा और प्राथमिक सेवा सहकारी समिति लैलूंगा शामिल है। इसमें मुरा और कोड़ातराई समिति में ही सबसे ज्यादा सरसों की खरीदी हुई है। इसके अलावा अन्य समितियों में नाम मात्र की सरसों खरीदी हुई है।

नवनिर्मित मकान से 50 हजार की चोरी, रातों-रात उखाड़ ले गए चोर

रायगढ़। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के छोटे अतरमुड़ा में नवनिर्मित मकान से अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार रुपये की बिजली वायरिंग चोरी कर ली। चोरों ने दीवार में लगी वायरिंग को बिजली बोर्ड से उखाड़कर पूरा तार निकाल लिया। घटना का पता मकान मालिक को अगली सुबह मकान का निरीक्षण करने पर चला।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, छोटे अतरमुड़ा के कर्म कुंज आदर्शनगर निवासी सुयश पटेल की पहाड़ मंदिर रोड पर हार्डवेयर की दुकान है। दुकान से लगे स्थान पर उनका नया मकान निर्माणाधीन है। मकान का निर्माण कार्य सुयश स्वयं करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त की रात करीब 10 बजे वह नवनिर्मित मकान में देखने गए थे। उस समय मकान में बिजली की वायरिंग का पूरा काम लगा हुआ था और सामान सुरक्षित था। इसके बाद वह रात में घर लौट गए। अगले दिन 10 अगस्त की सुबह करीब 6 बजे जब दोबारा निर्माणाधीन मकान पहुंचे तो नजारा देखकर हैरान रह गए। मकान की दीवारों में लगी बिजली की वायरिंग गायब थी। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने बिजली वायरिंग बोर्ड से पूरे तार को निकालकर चोरी कर लिया था।

सीएम ने किया एसएसपी को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

रायगढ़। रायपुर में 15 अगस्त 2026 को आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। इनमें रायगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता तथा पुलिस सेवा में उल्लेखनीय योगदान का राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान है। वर्ष 2026 के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के 11 अधिकारियों कर्मचारियों के नाम राष्ट्रपति पुलिस पदकों के लिए घोषित किए गए थे, जिनमें शशि मोहन सिंह का नाम सराहनीय सेवा पदक पाने वाले अधिकारियों में

शामिल है। शशि मोहन सिंह ने वर्ष 1997 में राज्य पुलिस सेवा में चयनित होकर अपने पुलिस सेवाकाल की शुरुआत की। मध्यप्रदेश के होशंगाबाद, इटारसी और भोपाल सहित विभिन्न स्थानों पर सेवाएं देने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पश्चात उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सेवाएं दी।

सड़कों पर मवेशियों का डेरा, गौठान वीरान, बन रहे हादसे की वजह

जांजगीर-चांपा। बारिश थमते ही जिले की सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा फिर बढ़ गया है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सड़कें मवेशियों के बैठने का ठिकाना बनती जा रही हैं। खासकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-49 पर शहर से बाहर निकलते ही सड़क पर जगह-जगह मवेशियों का झुंड नजर आता है। सक्ती और बिलासपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर भी नेशनल हाईवे के दोनों किनारों पर मवेशियों का डेरा हादसों का खतरा बढ़ा रहा है।रफ्तार के बीच अचानक सामने आ जाते हैं मवेशीहाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार के बीच सड़क पर बैठे मवेशी कभी भी अचानक वाहन के सामने आ जाते हैं। इससे वाहन चालकों को ब्रेक लगाना पड़ता है और कई बार दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। रात के समय सड़क पर बैठे मवेशी और भी ज्यादा खतरनाक साबित होते हैं।

तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, युवक घायल

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम औरदा में सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक बाइक से गांव लौट रहा था और रास्ते में मोड़ते समय दूसरी बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए रायगढ़ के आरके अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम औरदा निवासी खीरसागर साव खेती-किसानी का काम करते हैं। 12 अगस्त को उनके भतीजी दामाद ऋषिकेश साव अपनी यामाहा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीएम 5023 से पुसौर आए थे। वापसी के दौरान उनके पीछे ग्राम औरदा की उपसरपंच जयश्री साव भी बैठी थीं। बताया गया कि ग्राम औरदा डीपापारा स्थित भगवती होटल के पास पहुंचने पर ऋषिकेश साव ने गांव की ओर जाने के लिए बाइक को दाहिनी तरफ मोड़ना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने दाहिने तरफ का इंडिकेटर भी चालू किया हुआ था। तभी रायगढ़ रोड की ओर से आ रही हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 13 बीई 2941 के चालक अमन निषाद, निवासी औरदा डीपापारा, ने कथित तौर पर तेज और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

डेढ़ माह बीता, 110 स्कूल बसों की जांच ही नहीं सड़कों पर दौड़ रही है बिना फिटनेस जांच

- करीब 180 बसें, जांच सिर्फ 70 की, बच्चों की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही लापरवाही

रायगढ़। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नया शिक्षण सत्र शुरू हुए करीब डेढ़ माह बीत चुका है, लेकिन जिले में बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने वाली करीब 110 बसों की फिटनेस जांच अब तक नहीं हो सकी है। हैरानी की बात यह है कि इन वाहनों का इस्तेमाल लगातार स्कूली बच्चों के परिवहन में किया जा रहा है। ऐसे में किसी तकनीकी खराबी या हादसे की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल बन गया है।

जिले में निजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्कूल बसों के माध्यम से आवागमन करते हैं। अभिभावक स्कूल फीस के साथ परिवहन सुविधा के लिए अलग से राशि भी देते हैं। इसके बावजूद बच्चों को ले जाने वाले वाहनों की फिटनेस समय पर सुनिश्चित नहीं होना स्कूल प्रबंधन और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। जानकारी के अनुसार जिले में करीब 180 स्कूल बसें संचालित हैं। परिवहन विभाग ने वाहनों की जांच के लिए दो बार शिविर आयोजित किए। इन दोनों शिविरों में अब तक करीब 70 बसों की फिटनेस जांच हो सकी है। यानी लगभग 110 बसें अभी जांच के दायरे से बाहर हैं। इसके बावजूद इन बसों से बच्चों का परिवहन जारी रहने की बात सामने आ रही है। आमतौर पर स्कूलों का नया सत्र शुरू होने से पहले ही बच्चों को ढोने वाले वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरण और जरूरी दस्तावेजों की जांच पूरी करने पर जोर दिया जाता है। इस बार भी परिवहन विभाग की ओर से जून के शुरुआती दिनों में प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी थी, लेकिन निर्धारित समय में बड़ी संख्या में बसों की जांच नहीं हो सकी। परिवहन विभाग की ओर से स्कूल बस संचालकों को सुविधा देने के लिए दो बार जांच शिविर लगाए गए। इसके बावजूद बड़ी संख्या में स्कूल बसें जांच के लिए नहीं पहुंचीं। अब विभाग इन वाहनों के फिटनेस जांच के लिए आने का इंतजार कर रहा है। इससे सवाल यह भी उठता है कि यदि स्कूल प्रबंधन अपने स्तर पर बसें जांच के लिए नहीं भेज रहा है तो विभाग की ओर से इन वाहनों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है।

पिछले साल भी सामने आई थी लापरवाही

यह पहली बार नहीं है जब स्कूल बसों की फिटनेस जांच को लेकर ऐसी स्थिति बनी है। पिछले वर्ष भी जांच में देरी और स्कूल बसों में नियमों के उल्लंघन की स्थिति सामने आई थी। उस समय शिक्षा विभाग को स्कूलों को मान्यता निरस्त करने की चेतावनी तक देनी पड़ी थी। इसके बाद बड़ी संख्या में बसें फिटनेस जांच के लिए पहुंची थीं। बाद में विभागीय टीमों ने स्कूलों में आकस्मिक निरीक्षण भी किया था, जहां कई तरह की खामियां सामने आई थीं।

फीस पूरी, सुरक्षा अधूरी

निजी स्कूलों में अभिभावक बच्चों की पढ़ाई के लिए भारी फीस चुका रहे हैं। इसके अलावा स्कूल बस की सुविधा के लिए भी अलग से शुल्क लिया जाता है। ऐसे में अभिभावकों की स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि बच्चों को सुरक्षित और मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा मिले। लेकिन बड़ी संख्या में बसों की फिटनेस जांच लंबित होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्कूल बसों में ब्रेक, टायर, लाइट, अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, दरवाजे, सीटों और अन्य सुरक्षा मानकों की स्थिति का परीक्षण बेहद जरूरी है। फिटनेस जांच का उद्देश्य ही यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को ले जाने वाला वाहन सड़क पर सुरक्षित संचालन की स्थिति में है या नहीं।

जिला न्यायालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रायगढ़। रायगढ़ जिला न्यायालय परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। समारोह में देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। साथ ही, संविधान के मूल्यों, न्याय की

गरिमा तथा नागरिकों को न्याय दिलाने के दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में राष्ट्रप्रेम और उत्साह का वातावरण और अधिक भावपूर्ण बना दिया।

इंदौर गया परिवार, सूने मकान और ज्वेलरी शॉप में सेंध

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम धनागर में एक ज्वेलर्स के घर और दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। परिवार के साथ इंदौर गए दुकान संचालक जब 11 अगस्त को वापस लौटा तो घर और दुकान के सात ताले टूटे मिले। अंदर जांच करने पर अलमारी का लॉकर भी टूटा था और दुकान से चांदी के आभूषण, सोने की नथनी, नकदी समेत करीब 2.50 लाख रुपये का सामान चोरी होने का पता चला।

ग्राम धनागर निवासी दिलीप मंडल गांव में ही मां प्रिया ज्वेलर्स के नाम से सोना-चांदी कारीगरी की दुकान संचालित करता है। शिकायत के अनुसार उसने 5 अगस्त को ही अपने घर और दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। इसके अगले दिन 6 अगस्त को वह अपने बच्चे सुदीप मंडल को हॉस्टल छोड़ने के लिए परिवार के साथ इंदौर चला गया था। दिलीप के मुताबिक, 10 अगस्त की रात करीब 9 बजे तक मोबाइल पर सीसीटीवी फुटेज देखने पर घर और दुकान सुरक्षित दिखाई दे रहे थे। इसके बाद वह कैमरे की निगरानी नहीं कर सका। 11 अगस्त की सुबह करीब 11:30 बजे परिवार के साथ वापस धनागर पहुंचा तो घर और दुकान के दरवाजों पर लगे कुल सात ताले टूटे हुए मिले।

विक्रेता-खरीदार पुलिस के घेरे में, चार लोगों के खिलाफ हुई एफआईआर

सरकारी पट्टे की 4 हे. जमीन 16.29 लाख में बेच दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय पट्टे की जमीन को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना बेचने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला ग्राम मेढ़रमार की 4.047 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जिसे वर्ष 2021 में करीब 16.29 लाख रुपये में विक्रय किए जाने का आरोप है।

मामले की शिकायत राजस्व निरीक्षक रामकुमार राम ने एसडीएम धरमजयगढ़ के आदेश के बाद थाने में प्रस्तुत की। शिकायत के अनुसार ग्राम मेढ़रमार, पटवारी हल्का नंबर 36, तहसील धरमजयगढ़ स्थित खसरा नंबर 25/1/क/11 की 4.047 हेक्टेयर भूमि शासकीय पट्टे की भूमि है। राजस्व अभिलेखों के अनुसार इस भूमि का मूल मिसल वर्ष 1930 में खसरा नंबर 25/1 के रूप में बड़े झाड़ का जंगल दर्ज था। राजस्व विभाग की जांच में सामने आया कि प्रथम शासकीय पट्टेदार राजनन्दन सिंह के वारिस नरेन्द्र सिंह और महेन्द्र प्रताप सिंह, निवासी इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, ने कथित तौर पर सक्षम अधिकारी की अनुमति लिए बिना 15 मार्च 2021 को पंजीकृत विक्रय विलेख के जरिए उक्त जमीन राजेश अग्रवाल और बजरंग लाल अग्रवाल को बेच दी। दस्तावेजों के अनुसार जमीन का सौदा 16 लाख 29 हजार रुपये में किया गया था। राजस्व अधिकारियों ने मामले की जांच के बाद इसे छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 158 एवं 165 (7-ख) के प्रावधानों का उल्लंघन माना है।पुलिस अब जमीन के मूल रिकॉर्ड, पट्टा दस्तावेज, विक्रय विलेख, राजस्व अभिलेख और संबंधित पक्षों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले में विक्रेताओं के साथ खरीदारों और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

कलेक्टर को भेजी गई रिपोर्ट

मामले में राजस्व अभिलेखों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय की ओर से बीते 31 जुलाई को प्रतिवेदन कलेक्टर को भी भेजा गया था। इसके बाद 4 अगस्त को थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को पत्र भेजकर संबंधित लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया धारा 420 और 34 के तहत अपराध घटित होना पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। हालांकि 1 जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद पुलिस की आगे की कानूनी कार्रवाई में वर्तमान कानून की लागू धाराओं का निर्धारण विवेचना के आधार पर किया जाएगा।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, नहीं हुए सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के छोटे अतरमुड़ा स्थित टीवी टावर रोड में सूने मकान में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। मकान मालिक परिवार सहित रायपुर गया हुआ था। इसी दौरान आधी रात के बाद अज्ञात बदमाश मकान की बाहरी दीवार फांदकर अंदर घुसे और दरवाजे में लगे ताले को लोहे की रॉड से तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि, समय रहते इसकी जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी भाग निकले।

इसकी जानकारी मकान मालिक के रिश्तेदार अनिल भट्ट को फोन के जरिए मिली। अनिल के मुताबिक, उनके बड़े पिता के बेटे विनोद कुमार भट्ट का मकान टीवी टावर रोड छोटे अतरमुड़ा में है। विनोद कुमार अपने परिवार के साथ करीब चार-पांच दिन पहले रायपुर गए थे। 12-13 अगस्त की दरमियानी रात करीब 12 बजे विनोद ने फोन कर बताया कि उनके मकान में चोर घुस आए हैं और सीसीटीवी कैमरे में उनकी गतिविधियां दिखाई दे रही हैं जानकारी मिलते ही अनिल भट्ट, सुनील भट्ट और राजेंद्र भट्ट मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर दो-तीन संदिग्ध लोगों को भागते हुए देखा गया। इसके बाद मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में दो व्यक्ति मकान की बाहरी दीवार फांदकर अंदर प्रवेश करते दिखाई दिए।

swarnimaera@gmail.com | www.swarnimaera.com
Follow us
हर झलक में खूबसूरत ज़िन्दगी
SWARNIMA ERA
Add more to life
परिसर में भव्य मन्दिर
प्रीमियम क्लब हाउस
लैंडस्केप्ड बगीचे
24x7 सुरक्षा
बच्चों का प्ले-एरिया
जिम और स्विमिंग पूल
डेडिकेटेड पार्किंग
24x7 पावर बैकअप
Conceptualized By AdPRAYAS
ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये।
2,3 & 4 BHK
STYLISH INDEPENDENT BUNGALOWS
PLOTS & CUSTOMIZED HOUSES AVAILABLE
REGISTER YOUR INTEREST NOW
Scan this QR code for Location
Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)
For more info
97557 93333, 97552 93333
Rera no.
PCGRERA150426002081
www.rera.cgstate.gov.in

वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने बड़े-बड़े गड्ढे

एनएच-43 पर गड्ढों का 'राज', गिरकर रोज घायल हो रहे राहगीर

पत्थलगांव। बारिश ने पत्थलगांव की सड़कों की बदहाली की पोल खोलकर रख दी है। शहर से गुजरने वाले एनएच-43 के अंबिकापुर रोड पर कदम घाट से लेकर मछली बाजार तक सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां सफर करना लोगों के लिए किसी जोखिम से कम नहीं है। जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं और खासकर दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों की चपेट में आकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से कई गड्ढे दिखाई तक नहीं देते। ऐसे में वाहन चालक अचानक गड्ढों में जा गिरते हैं और चोटिल होकर अस्पताल पहुंचने को मजबूर हो रहे हैं। सड़क की यह तस्वीर जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही है। एनएच-43 के इस हिस्से को देखकर सहज ही सवाल उठता है कि आखिर सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में कहीं सड़क बची है? रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, बावजूद इसके सड़क की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

■ जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे लोग

जशपुर रोड की स्थिति खराब

जशपुर रोड की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। पुराने अस्पताल से लेकर गुरुकुल कॉलेज तक कई स्थानों पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। बारिश के कारण इनकी स्थिति और भी गंभीर हो गई है। सड़क पर बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। क्या बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग अधिकारी सड़कों को सुधारने चलने लायक बनाने में नहीं देते ध्यान कहने को तो केंद्र सरकार में राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क आता है। सड़क के गड्ढों की हालत देखने से गांव के सड़कों से भी ज्यादा खराब हालत में हैं।

तत्काल मरम्मत की मांग

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इन खतरनाक गड्ढों को कब भरेंगे क्या विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़कों की तत्काल मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाना चाहिए, ताकि रोजमर्रा का सफर करने वाले लोगों को राहत मिल सके। अब देखना यह है कि एनएच-43 के गड्ढों पर विभाग कब 'मरहम-पट्टी' करता है, या फिर नागरिकों को इसी तरह बदहाल सड़कों पर अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

कैलाश गुफा मेला स्थल के पास पहुंचा हाथियों का दल

जशपुरनगर। जिले के प्रसिद्ध शिवधाम कैलाश गुफा शिव मन्दिर क्षेत्र में पूरे सावन मेला लगा रहता है। यहां उस वक्त अगर तफरी मच गई जब जानकारी मिली कि 14 हाथियों का दल मेला क्षेत्र का आसपास विचरण कर रहा है। कैलाश गुफा में सावन भर मेला लगता है और रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। वहीं सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसी बीच हाथियों के झुंड ने मेला क्षेत्र की ओर रुख कर दिया। हाथियों को मेला स्थल की तरफ बढ़ता देख वहां मौजूद लोगों में चिंता और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला और हाथियों को मेला क्षेत्र से दूर जंगल की ओर खदेड़ दिया। हाथियों को जंगल की तरफ जाते हुए पूरा घटनाक्रम कैमरे में भी कैद हुआ है, जिसका वीडियो अब सामने आया है। बहरहाल, हाथियों की मौजूदगी ने प्रशासन और वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए जाएंगे?

■ मची अफरा तफरी, गांव वालों ने सम्हाला मोर्चा

40 विद्यार्थियों ने लिया एआई प्रशिक्षण

जशपुर नगर। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए संकल्प शिक्षण संस्थान में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय एआई प्रशिक्षण का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिले में अंतरिक्ष विज्ञान, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों में रुचि उत्पन्न करने और इसके अध्ययन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। जिले के युवाओं और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में पर्याप्त एक्स्पोज़र उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा के निर्देश पर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों को तकनीक व नवाचार से जोड़ने, तकनीकी कौशल विकसित करने और अध्ययन में एआई के उपयोग के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जशपुर जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के 40 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। समापन अवसर पर सहायक जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा विनय सिन्हा एवं एनईएस पीजी कालेज जशपुर के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र सिंह के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जेनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, चैटजीपीटी, जैमिनी, कोपायलट डेटा एनालिसिस एवं अन्य एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को एआई आधारित प्रोजेक्ट तैयार करने के साथ-साथ एआई एथिक्स, डेटा प्राइवेसी, सिक्योरिटी और डीपफेक जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी भी दी गई। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए और सीखी गई तकनीकों का अध्ययन एवं करियर में उपयोग करने की बात कही।

खास बात

■ एडीपीओ और प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दिया प्रमाण-पत्र

छत्तीसगढ़ को साइबर क्राइम मुक्त बनाने के संकल्प के साथ अभियान शुरू

जशपुरनगर। आम जनता को साइबर क्राइम के विरुद्ध जागृत एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक ₹साइबर जागृति अभियान₹ का आयोजन किया जाएगा।

15 अगस्त 1947 को, करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से देश को मिली आज़ादी के भाव से प्रेरित यह अभियान, साइबर क्राइम के विरुद्ध एकजुटता से जागरूकता लाने और छत्तीसगढ़ को साइबर क्राइम मुक्त बनाने का अभिनव प्रयास है। साइबर क्राइम के विरुद्ध निरंतर चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में, छत्तीसगढ़ पुलिस का ₹साइबर जागृति अभियान₹, देश के सबसे अनोखे, इनोवेटिव और ट्रेंडी अभियानों में से एक है। इस अभियान की मुख्य थीम है साइबर जागृति की एक सेल्फी। बड़ी संख्या में राज्यवासी, छत्तीसगढ़ पुलिस और संबंधित जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स में जारी लिंक को क्लिक कर या QR Code को स्कैन कर, जागरूकता के संदेश वाली ₹सेल्फी फ्रेम₹ में अपनी सेल्फी लेकर, उस सेल्फी को स्वयं के सोशल मीडिया हैंडल्स में पोस्ट करेंगे। प्रदेशभर के लाखों लोग, छत्तीसगढ़ पुलिस की जागरूकता संदेश वाली ₹सेल्फी फ्रेम₹ को सोशल मीडिया में शेयर करेंगे तो, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता का संदेश उनके फॉलोअर्स और फ्रेंड्स तक पहुंचेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग साइबर क्राइम के प्रति जागृत होंगे। साइबर जागृति अभियान का शुभारंभ राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री द्वारा किया गया। वहीं, जिले में डीआईजी एवं एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने ₹साइबर जागृति अभियान₹ की लिंक एवं क्यूआर कोड जारी कर अभियान का शुभारंभ किया।

तकनीकी व व्यवहारिक कठिनाइयों का समन्वय से करें निराकरण: एसएसपी

जशपुरनगर। नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, आपराधिक प्रकरणों की विवेचना को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक बनाने तथा पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच मेडिको-लीगल समन्वय को और मजबूत करने के उद्देश्य से 13 अगस्त गुरुवार को पुलिस कार्यालय जशपुर के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। यह बैठक डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक अभियोजन एवं एफएसएल के अधिकारियों ने सहभागिता की।

16-Aug -RAIGARH-pg-04_Layout 1 8/16/2026 10:22 PM Page 1

रानी को मिला खास सम्मान सिनेमा में पूरे किए 3 दशक

मुंबई। रानी मुखर्जी ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक अलग-अलग किरदार निभाए हैं। उन्होंने कभी समाज की सोच को चुनौती देने वाली महिलाओं का किरदार निभाया, तो कभी मुश्किल हालात में हिम्मत दिखाने वाली महिलाओं की कहानी पर्दे पर उतारी। अब इसी को देखते हुए उन्हें विशेष सम्मान दिया गया है। तीन दशक से ज्यादा समय से अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली रानी को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में खास सम्मान दिया गया है। उन्हें एक्टिंग में बेहतरीन योगदान के लिए स्पेशल सिटेशन से सम्मानित किया गया। रानी के इस सम्मान को भारतीय सिनेमा में उनके लंबे और शानदार सफर के लिए एक बड़ी पहचान माना जा रहा है। उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे किरदार निभाए हैं, जिन्हें आज भी दर्शक याद करते हैं। उनके किरदारों और फिल्मों ने भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लोगों के दिलों तक जगह बनाई है। ब्लैक, हम तुम, युवा, बंटी और बबली, नो वन किल्ड जेसिका, हिचकी, मर्दानी फ्रेंचाइजी और मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे जैसी फिल्मों में रानी की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया है।

लाइफ Style

तापसी

आंखों पर पट्टी बांधकर करेंगी एक्शन

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिनकी एक्टिंग का हर कोई दीवाना है। तापसी ने अबतक कई शानदार फिल्में दी हैं, जिनमें उन्होंने अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। यही वजह है कि तापसी जल्द ही नई फिल्मों में दिखने वाली हैं। इन्हीं में से तापसी इन दिनों अपनी फिल्म 'गांधारी' को लेकर चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म को लेकर अब एक नया अपडेट आया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तापसी जल्द ही गांधारी नाम की फिल्म में दिखने वाली हैं। फिल्म को लेकर तापसी पन्नू ने कड़ी मेहनत की है। ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली है। फिल्म के लिए तापसी ने कड़ा एक्शन किया है तो इसके पीछे मेहनत भी है। फिल्म की सबसे दिलचस्प बातों में से एक यह है कि तापसी आंखों पर पट्टी बांधकर एक्शन सीक्वेंस करती हैं, जो ताकत, समझ और पक्के इरादे पर बने कैरेक्टर में चैलेंज की एक और लेयर जोड़ता है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। दरअसल, तापसी पन्नू का जो कैरेक्टर है, वो महाभारत की गांधारी से ही इंस्पायर्ड है। एक सूत्र के मुताबिक, तापसी पन्नू की गांधारी को महाभारत से प्रेरित एक मॉडर्न जमाने का इंटरप्रिटेशन कहा जा सकता है। जिस तरह से महाभारत में गांधारी का कैरेक्टर एक समर्पित पत्नी और मां के रूप में एक अहम और दिलचस्प जगह रखता है। कुछ उसी कैरेक्टर से तापसी का किरदार इंस्पायर्ड बताया जा रहा है और उम्मीद है कि फिल्म तापसी के कैरेक्टर के जरिए उनमें से कुछ थीम पर आज के जमाने का नजरिया दिखाएगी। अब ये आपको पता ही है कि, महाभारत में, गांधारी को धृतराष्ट्र की समर्पित पत्नी और कौरवों की मां के रूप में जाना जाता है। उनके पति दृष्टिहीन थी, तो ऐसे में उन्होंने भी अपने पति के लिए खुद की आंखों पर पट्टी बांध ली।

हॉलीवुड मसाला

लुक और हुलिए को लेकर छिड़ गई बहस

लॉस एंजिल्स। 'ए वेन्सडे' फेम जेना ओर्टेगा हाल ही में एस्क्वायर की 'हाउ आई गॉट हियर' सीरीज में नजर आईं, जिसमें उन्होंने एक चाइल्ड एक्टर से हॉलीवुड की सबसे बड़े युवा स्टार्स में से एक बनने तक के अपने सफर के बारे में बात की। लेकिन, इसी दौरान उनके लुक और हुलिए को लेकर बहस छिड़ गई और फैंस एक्ट्रेस की सेहत को लेकर चिंता जताने लगे। कुछ व्यूअर्स ने दावा किया कि जेना ओर्टेगा बहुत दुबली लग रही हैं और सेहत के लिए चिंता जताने लगे। जेना ओर्टेगा ने इंटरव्यू में इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर काम करते समय कभी-कभी वह पूरे दिन कुछ भी खाती-पीती नहीं थीं।



मेंटल हेल्थ स्टार्टअप को लेकर लगे गंभीर आरोप

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज के मेंटल हेल्थ स्टार्टअप वंडरमाइंड ग्लोबल में निवेश करने वाले कुछ लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया है। निवेशकों का आरोप है कि सेलेना गोमेज ने कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए जो जिम्मेदारियां ली थीं, उन्हें पूरा नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों ने कंपनी में करीब 12 लाख डॉलर (लगभग 10 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब उन्होंने अपना पैसा वापस दिलाने के साथ-साथ कानूनी खर्च की भरपाई की भी मांग की है। वंडरमाइंड ग्लोबल की शुरुआत साल 2021 में हुई थी। इसका मकसद लोगों को अपनी मानसिक सेहत और 'मेंटल फिटनेस' बेहतर करने में मदद करना था। मुकदमे में निवेशकों ने दावा किया है कि उन्हें बताया गया था कि सेलेना कंपनी के मार्केटिंग हेड के तौर पर इसके विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उनका कहना है कि कंपनी के लिए एक मोबाइल ऐप तैयार करने समेत कई काम किए जाने थे, लेकिन ये वादे पूरे नहीं हुए।

फिल्मी थीम पर मनाया 31वां जन्मदिन

मुंबई। सारा अली खान ने 12 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाया। वे 31 वर्ष की हो गई हैं। अभिनेत्री ने बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन सेलिब्रेट किया, जिसकी थीम एकदम फिल्मी रही। केक से लेकर डेकोरेशन तक, हर चीज में एक्टिंग और फिल्मी दुनिया की झलक दिखी। सारा ने तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं। सारा अली खान ने जन्मदिन के दो दिन बाद शुक्रवार को सेलिब्रेशन की तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों से पता चल रहा है कि एक्ट्रेस के स्पेशल दिन पर 'सारा कार्निवल' आयोजन किया गया। तस्वीरों में वे अपने भाई इब्राहिम अली खान और मां अमृता सिंह के साथ पोज देती दिख रही हैं। सारा अली खान के बर्थडे सेलिब्रेशन में दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया भी नजर आईं। तस्वीरों में उन्हें भी सारा के साथ पोज देते देखा जा सकता है। सारा अली खान ने अपने बर्थडे पर पैरेट ग्रीन कलर का वन पीस पहना।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में लक्ष्य की एंट्री

मुंबई। किल, चांद मेरा दिल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुके लक्ष्य इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लक्ष्य राख फेम निर्देशक प्रोसित रॉय की फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी एंट्री हो गई है। यह रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म बताई जा रही है, जो साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर ने राख के डायरेक्टर प्रोसित रॉय को एक अनोखी साइकोलॉजिकल लव स्टोरी डायरेक्ट करने के लिए साइन किया है। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने वाली है। इसी में एक नया अपडेट यह है कि फिल्म में एक्टर लक्ष्य की एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रोसित ने हाल ही में लक्ष्य को फिल्म की कहानी सुनाई और एक्टर को रोमांस का यह अनोखा अंदाज बहुत पसंद आया। लक्ष्य ने 'किल' में अपनी दमदार अदाकारी के लिए खूब तारीफें बटोरीं।

टीवी मसाला

पहले ही दिन द ट्रेटर्स 2 से आउट हुए मुनव्वर, को-कंटेस्टेंट्स पर निकाली भड़ास

नई दिल्ली। 21 कंटेस्टेंट्स के साथ द ट्रेटर्स के नए सीजन की शुरुआत हुई। इंट्रोडक्शन के वक्त ही दलीप ताहिल को शो से बाहर होना पड़ा और 20 लोगों की एंट्री हुई थी। मगर अब शो से पहले ही दिन एक और मजबूत खिलाड़ी भी बाहर हो गया। यह मजबूत खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि मुनव्वर फारूकी हैं। शो में ज्यादातर कंटेस्टेंट्स ने उन्हें 'ट्रेटर' (गद्दार) होने का शक किया और फिर उन्हें एलिमिनेट होना पड़ा। शो से पहले ही दिन बाहर होने पर वह इमोशनल हो गए। साथ ही उन्होंने को-कंटेस्टेंट्स को 'इनसिक्योर' बताया। द ट्रेटर्स सीजन 2 से निकलने के बाद मुनव्वर फारूकी से जब होस्ट करण जौहर ने पूछा कि क्या वह वाकई गद्दार हैं या निर्दोष? तब स्टैंडअप कॉमेडियन ने खुद को निर्दोष बताकर उन्हें आउट करने वालों पर गुस्सा निकाला है। उन्होंने कहा- मैं गेम खेल रहा था। मैं इसे अच्छे से खेलना चाहता था। मैं एक मासूम हूं। बकवास। इनसिक्योर लोगों का ग्रुप। उन्होंने सोचा कि मैं उन्हें यहां खा जाऊंगा (उन पर भारी पड़ूंगा)। वे सभी डरे हुए हैं। अब पहचानिए कि आपमें से कौन (गद्दार) है। मुनव्वर फारूकी को ज्यादातर कंटेस्टेंट्स ने गद्दार बताया जिसके चलते उन्हें आउट होना पड़ा। हालांकि, असल में वह गद्दार नहीं बल्कि निर्दोष थे। शो में असल में तीन गद्दार थे जिनमें आदित्य कुलश्रेष्ठ उर्फ कुल्लू, क्रिस्टल डिसूजा और हरमन सिंघा थे। दूसरे एपिसोड में शाहनील गिल को चौथे गद्दार के तौर पर शामिल किया गया। मालूम हो कि द ट्रेटर्स सीजन 2 इस वक्त ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।

एकता के नए टीवी शो में नजर आएगी गौरव और श्रद्धा की जोड़ी

नई दिल्ली। टीवी एक्टर गौरव खन्ना और श्रद्धा आर्या जल्द ही एक नए शो में साथ नजर आ सकते हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों एक्टर्स एकता कपूर के आने वाले रोमांटिक फैमिली ड्रामा में लीड रोल निभा सकते हैं। हालांकि, यह प्रोजेक्ट अभी शुरुआती स्टेज में है और मेकर्स ने अभी तक कास्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन इस जोड़ी के बारे में सुनकर ही टीवी दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। यह दोनों एक्टर्स की डेली सोप में शानदार वापसी होगी। आने वाली सीरीज को एक रोमांटिक फैमिली ड्रामा के तौर पर प्लान किया जा रहा है,

जिसमें रिश्तों और परिवार के आपसी समीकरण की कहानी दिखाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट को एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस 'बालाजी टेलीफिल्म्स' द्वारा डेवलप किया जा रहा है और अभी इसके लिए कास्टिंग का काम चल रहा है। ऐसी भी चर्चा है कि यह नया शो आगे चलकर उस टाइम स्लॉट की जगह ले सकता है, जहां अभी स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' चल रहा है।

63 साल पहले लता ने गाया था सबसे यादगार देशभक्ति गीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा की महान गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को याद किया जाता है। अपने 6 दशक से लंबे सिंगिंग करियर के दौरान सुरों की कोकिला ने कई शानदार गीत गाए थे। देशभक्ति गीतों में भी लता दीदी की आवाज काफी गूजी थीं। इस आधार पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर को मद्देनजर रखते हुए आज हम आपको लता मंगेशकर द्वारा गाए सदी के सबसे यादगार देशभक्ति गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 63 साल पहले रिलीज किया गया था। खास बात ये थी कि ये गाना किसी फिल्म से नाता नहीं रखता है।

यह गाना किसी फिल्म से नहीं रखता नाता

जब कोई राष्ट्रीय पर्व आता है, तो देश के उन वीर शहीद जवानों को याद किया जाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनके सम्मान और याद में गायिका लता मंगेशकर ने 63 साल पहले एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान हजारों की भीड़ के सामने एक ऐसा देशभक्ति गीत गाया था, जो आज के जमाने में भी कल्ट क्लासिक बना हुआ है। इस गाने के बोल हैं- ऐ मेरे वतन के लोगों... ।

दिल्ली के राष्ट्रीय स्टेडियम में गाया था

इस गाने को लता मंगेशकर ने 27 जनवरी 1963 को राजधानी दिल्ली के राष्ट्रीय स्टेडियम में गाया था। लता दीदी का ये देशभक्ति भारतीय सेना के उन शहीदों की शहादत के लिए बनाया गया था, जिन्होंने 1962 में चीन के खिलाफ सैन्य युद्ध में अपने देश के प्रति बलिदान दिया था। ऐ मेरे वतन के लोगों... को लता मंगेशकर की आवाज के लिए संगीतकार के मधुर संगीत के लिए भी जाना जाता है, जिसे म्यूजिसियन सी. रामचंद्र ने दिया था। इसके अलावा इस अद्भुत गीत के लिरिक्स गीतकार कवि प्रदीप की कलम से निकले थे। 15 अगस्त के मौके पर इस देशभक्ति गीत की गूंज हर तरफ सुनाई देती है।

रोने लगे थे देश के प्रधानमंत्री

लता मंगेशकर द्वारा गाए गए ऐ मेरे वतन के लोगों... गीत काफी इमोशनल देशभक्ति गीत भी माना जाता है। कहा ये भी जाता है कि जब लता दीदी ने राष्ट्रीय स्टेडियम में ये गाना गाया था, तो उस वक्त वहां मंच पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी मौजूद थे और ये गीत सुनकर उनकी भी आंखें नम हो गई थीं।

15 अगस्त पर हर कोई ढूंढता है ये देशभक्ति गाना

नई दिल्ली। एक तरफ जहां बॉलीवुड में मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, किशोर कुमार, मुकेश जैसे बेहतरीन गायक हैं। वहीं कुछ ऐसे सिंगर्स भी हैं, जिन्हें वो पहचान नहीं मिली जिसके वो काबिल थे। हम बात कर रहे हैं भारतीय सिनेमा के एक ऐसे नगीने की जिन्हें देशभक्ति की आवाज माना जाता था। मनोज कुमार ने बॉलीवुड को कई ऐसे दमदार गाने दिए जो आज भी इस राष्ट्रीय पर्व की पावन बेला पर हर कार्यक्रम में जरूर

बजते हैं। मेरे देश की धरती सोना उगले, है प्रीत जहां की रीत सदा और अब के बरस तुझे धरती की रानी उनके कुछ पॉपुलर गाने हैं जिन्हें भुला पाना बेहद मुश्किल है।

56 साल पहले रिलीज हुआ था गाना

गाने के बोल तीन रंग की चोली का मतलब तिरंगा झंडा से है, जिसे गीतकार ने दुल्हन की तरह परिभाषित किया है। कल्याण जी- आनंद जी का संगीत और मनोज कुमार और सायरा बानो की अदाकारी ने इसमें खूब रस घोला। ये गाना आज भी जब बजता है तो दिल में सरफरोशी की तमन्ना जागने सी लगती है। इस गीत के बिना आज भी स्वतंत्रता दिवस का सेलिब्रेशन अधूरा है। महेंद्र कपूर ने हिंदी के अलावा पंजाबी, मराठी और गुजराती फिल्मों में भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। मराठी सिनेमा में वे प्रसिद्ध अभिनेता दादा कोंडके की आधिकारिक आवाज बन गए थे और वहां उन्होंने बेहद चुलबुले और लोक संगीत पर आधारित गाने गाए।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
बिना इंजेक्शन — तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
बिना टांके — प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना पट्टी — बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सोलर एमुल प्रा.लि.
ग्राम दर्रामुडा, तहसील पुसौर

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आरईएस विभाग
जनपद कार्यालय पुसौर
सुश्री बिन्दु डनसेना
प्रभारी एसडीओ
श्रीमती राधिका पटेल
सब इंजीनियर
श्रीमती राखी पटेल — सब इंजीनियर
श्री पटेल — सब इंजीनियर

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
समस्त अनुविभागीय अधिकारी
व स्टाफ जल संसाधन विभाग रायगढ़

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनोद चौधरी
संचालक
सिद्धि फ्यूलस सारंगढ़ रोड

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सह संयोजक
कृषि अभियांत्रिकी व सिंचाई प्रकल्प
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री बी एस पटेल
खंड शिक्षा अधिकारी
शैलेन्द्र मिश्रा
बीआर सी
खंड शिक्षा कार्यालय पुसौर, जिल रायगढ़ छ.ग

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लोकेश हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग, स्त्रीरोग एवं प्रसूति विभाग
बाल एवं शिशुरोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग
चर्म एवं गुप्त रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग
सभी विभाग 24 घंटे आपातकालीन सेवा के लिए तत्पर।

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
हर्षवर्धन सिंह
थाना अध्यक्ष पुसौर
डॉ. श्री कुंदन गौर
एवं समस्त् थाना स्टाफ

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अभिनव विद्यामंदिर पुसौर
अक्षय कुमार सतपथी — संचालक
दिलीप पाण्डेय — अध्यक्ष व संचालक मण्डल
एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के साथ,
इग्लिंश एवं हिन्दी मिडियम से क्षेत्र का एक मात्र स्कूल

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एश्वर्या ज्वेलर्स व विजय कंसारी बर्तन पुसौर
सोने चांदी के आभूषण व कांस पीतल बर्तन के विक्रेता

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्यामलाल मेमोरियल महाविद्यालय पुसौर
बीए बीएससी, मेथ्स, बीसीए, डीसीए, पीजीडीसी,
उच्च व व्यवसायिक शिक्षा का एक मात्र अशासकीय प्रतिष्ठान

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री आर के पटेल
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
अन्य स्टाफ कृषि कार्यालय पुसौर

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लिटिल एंजिल इंग्लिश मिडियम स्कूल तडोला, पुसौर
प्रतिवर्ष यहां के छात्र लिख रहे चमकीले इतिहास, सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर
संचालक: दुश्यंत कुमार प्रधान व शापरिवार

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुमति चौहान
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्राम पंचायत रेंगालपाली

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री कैलाश चौहान
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्राम पंचायत नेतनागर

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती सुशीला डनसेना
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्राम पंचायत झलमला

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्यामलाल मेमोरियल महाविद्यालय पुसौर
बीए बीएससी, मेथ्स, बीसीए, डीसीए, पीजीडीसी,

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री अमिन पटेल
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्रा.पं. कोतमरा

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती माधवी पंडा
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्रा.पं. कांदागढ

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री भरत षडंगी — अध्यक्ष शाला विकास समिति
श्रीमती ए केरकेट्टा — प्राचार्य शा.उ.मा.विद्यालय पुसौर
अन्य पदाधिकारी एवं समस्त स्टाफ

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती अंजली सिदार
सरपंच एवं अन्य पंचायत पदाधिकारी
ग्राम पंचायत सुपा

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री जीवन पटेल
अध्यक्ष
प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, जतरी

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री भरत पटेल — अध्यक्ष
श्री अजाम्बर — प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, नावापारा माण्ड

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री डोलनारायण गुप्ता — अध्यक्ष
श्री विजय गुप्ता — प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, तेतला

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री विरेन्द्र पटेल — अध्यक्ष
श्री डिलेश्वर प्रधान — प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, बडेभंडार

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
टिकेश्वर मेहर
अध्यक्ष, संचालक मण्डल प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, पडिगांव

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
किशोर गुप्तममा — अध्यक्ष
ब्रजेश प्रधान — संचालक मण्डल प्रबंधक
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, केशला

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अशोक गुप्ता — अध्यक्ष
संदीप गुप्ता — प्रबंधक, संचालक मण्डल
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, छिछोर उमरिया

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनिता सिदार — अध्यक्ष प्रबंधक
लखनलाल पटेल — संचालक मण्डल
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, तिलगी

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रबंधक, अध्यक्ष संचालक मण्डल
व सभी सदस्य,
सेवा सहकारी समिति, गढउमरिया

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
फत्तेचंद प्रधान — अध्यक्ष संचालक मण्डल
सुनील मिश्रा — प्रबंधक
व सभी सदस्य, सेवा सहकारी समिति, कोडपाली

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुपरवाईजर टाप्पो — अध्यक्ष प्रधिकारी
मनोज गुप्ता — प्रबंधक
संचालक मण्डल
व सभी सदस्य, सेवा सहकारी समिति, कोडातराई

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
घनश्याम पटेल — अध्यक्ष
राजकुमार पटेल — प्रबंधक
संचालक मण्डल
व सभी सदस्य, सेवा सहकारी समिति पुसौर

15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मुक्तेश्वर पंडा — अध्यक्ष
भरत डनसेना — प्रबंधक
संचालक मण्डल
व सभी सदस्य, सेवा सहकारी समिति बडेहरदी

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ आईटीआई पुसौर

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमान् प्राचार्य एवं स्टाफ
समस्त शिक्षण समिति के पदाधिकारी
स्वामी आत्मानंद शासकीय हा.से.इ.मि.स्कूल पुसौर

15 अगस्त
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सूरज कृषि केन्द्र पुसौर
पैदावार बढाने के उत्तम दवा के साथ सुझाव भी

खबर संक्षेप

मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

कोसीर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा संगठन सेवा समिति, ग्राम पाट द्वारा 5वीं 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में गांव स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार के साथ मेडल एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप मेडल एवं पेन प्रदान कर सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही गांव के सरपंच उपसरपंच, पंचगण, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सभी शिक्षक एवं अन्य गांव के वरिष्ठ नागरिकों का भी श्रीफल एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने परिवार व गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो केवल उन्हें सही दिशाए अवसर और प्रोत्साहन देने की।

रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

रायगढ़। देशभक्ति के रंग में सराबोर सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह विगत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अत्यंत धूमधाम और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष बेरीवाल, चार्टर प्रेसिडेंट, रोटरी क्लब रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब अध्यक्ष संतोष अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व छात्र, आयकर अधिवक्ता एवं प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष पंकज गोयल ने की। मंच पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष चक्रधर पटेल एवं व्यवस्थापक एलपी कटकवार भी अतिथियों के साथ आसीन रहे। तिरंगा फहराकर हुई शुरुआत समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर किया गया। इसके पश्चात मां भारती, ओमकार एवं मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर भारत माता की आरती की गई। वातावरण वंदे मातरम और ष्भारत माता की जय के उद्घोषों से गूंज उठा। वक्ताओं ने दी विकसित भारत की प्रेरणा.. कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ. मनीष बेरीवाल ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की ऐतिहासिक महत्ता बताते हुए कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में शैक्षणिक संस्थाओं की सबसे बड़ी भूमिका है।

शहीदों के परिजनों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 147 अधिकारी कर्मचारी हुए सम्मानित

देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान सपूतों को नमन करने का दिन: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 80 वां स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद परेड का निरीक्षण, मार्चपास्ट, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहीद परिवारों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। मुख्य समारोह में राष्ट्रीय गीत, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड द्वारा सलामी, परेड निरीक्षण, मार्चपास्ट एवं हर्ष फायर सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मां भारती की वंदना और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान सपूतों को नमन करने का दिन है। देश की एकता और अखंडता की गौरवशाली यात्रा से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले परिवारजनों में शहीद आर स्व लक्ष्मीनारायण राठिया, शहीद आर स्व बीर सिंह श्रीवास, शहीद प्र.आर राघवराम ओझा, शहीद आर सुखसाय भगत, शहीद आर शिव कुमार सिदार, शहीद स्व. तनिकलाल पटेल, शहीद आर स्व. राजाराम एक्का, शहीद एपीसी स्व. पंचराम भगत, शहीद प्लाटून कमांडर स्व, गीताराम राठिया एवं शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजन शामिल रहे।

परेड में एनसीसी सीनियर डिवीजन प्रथम

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमित सिंह एवं सेकेंड इन कमांड सूबेदार प्रेमचंद के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट किया। पुलिस वर्ग में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 6वीं वाहिनी ने प्रथम, जिला महिला पुलिस बल ने द्वितीय तथा जिला पुलिस बल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गैर पुलिस वर्ग में एनसीसी सीनियर डिवीजन प्रथम, एनसीसी सीनियर विंग द्वितीय तथा गर्ल्स गाइड तृतीय रहे। विजेता दलों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। सृजन सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवकों की जिम्मेदारी है कि उनके निर्णयों से नागरिकों को शासन की सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को केवल एक दिन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष लोगों के अवसर और विकल्प बढ़ाने के संकल्प के रूप में मनाएं। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निवास में ध्वजारोहण किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा देशभक्ति का जज्बा

मुख्य समारोह में छह विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल ने प्रथम, सेंट जेवियर्स स्कूल ने द्वितीय तथा लिटिल एंजल स्कूल पुसौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में आदर्श बाल मंदिर स्कूल, विद्या विकास कान्सेप्ट एवं शालिनी मुक्ति प्रकाश स्कूल के प्रतिभागियों की भी सहभागिता रही।

एनएमएल तलईपल्ली में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

रायगढ़। एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में देशभक्ति, उत्साह और गौरव के साथ देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह की शुरुआत अरुण कुमार सक्सेना, परियोजना प्रमुख, तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। सीआईएसएफ के जवानों द्वारा परेड एवं गरिमापूर्ण गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया।

अपने संबोधन में अरुण कुमार सक्सेना ने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारत की विकास यात्रा और एनएमएल की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में एनएमएल तलईपल्ली ने 1.1 करोड़ मीट्रिक टन से अधिक कोयला उत्पादन एवं प्रेषण का महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने व्हार्फवॉल से पहली कोयला रेक के प्रेषण को भी परियोजना की एक प्रमुख परिचालन उपलब्धि बताया। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए सुरक्षाए दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान के लिए कर्मचारियों को पावर एक्सल अवार्ड, बिजनेस यूनिट हेड स्पेशल मेरिट अवार्ड एवं हेल्थ चैंपियन अवार्ड प्रदान किए गए। बाल भवन एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में देशभक्ति का रंग भर दिया। इस अवसर पर परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

ओपी जिंदल जिंदल विद्यालय तराईमाल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

तराईमाल। ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय उल्लास एवं गौरव के साथ मनाया गया। यह पर्व देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बना। विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत रहा और भारत माता की जय के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के नायक और नायिका के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत परेड से हुआ। नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड के निदेशक एवं मुख्य अतिथि डॉ. एसएस राठी के आगमन पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या को प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह विद्यालय परिसर एवं प्रशासनिक भवन दोनों स्थानों पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, प्राचार्या, शिक्षकगण, अभिभावक, विद्यार्थी, नलवा कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर शिक्षक गोस्वामी सम्मानित

चंद्रपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 के गरिमामय अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक राजेंद्र पुरी गोस्वामी को प्रशस्ति.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय सक्ति में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदनी बाघ द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों एवं अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षक राजेंद्र पुरी गोस्वामी वर्तमान में विकासखंड डभरा एवं चंद्रपुर तहसील से लगे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कलमा में पदस्थ हैं। विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, शैक्षणिक दायित्वों के प्रति निष्ठा और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद गोस्वामी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ.साथ नई जिम्मेदारी का एहसास भी है। इससे उन्हें भविष्य में और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। सम्मान मिलने पर नगर के मो इमरान नीलमणि यादव गोलू, खेमचरण देवांगन, मनोज पटेल, निलेश यादव, संतोष बरेठ, नागेश देवांगन, लोकेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, अश्वनी सिदार व अन्य सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने शिक्षक राजेंद्र को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिंदल पॉवर में मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, राष्ट्रभक्ति का लिया गया संकल्प

रायगढ़। भारत की आजादी का जश्न जिंदल पावर द्वारा उल्लास के साथ मनाया गया। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर एडमिन बिल्डिंग, गारे पेलमा 4/1 और सीएचपी लिबरा में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन एडमिन बिल्डिंग में किया गया जहां एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। सभी स्थानों पर राष्ट्रगान गाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने सबसे पहले जिंदल पावर ग्रुप के चेयरमैन नवीन जिंदल का संदेश वाचन करते हुए कहा कि यह दिन हमारे लिए न केवल देश की आजादी का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह गर्व करने का भी दिन है कि हम एक ऐसे संस्थान का हिस्सा है तो राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रप्रेम की भावना को नई दिशा दे रहा है। हमारी कंपनी की असली ताकत हमारे चेयरमेन नवीन जिंदल जी का दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता का सर्वोच्च प्रतीक हमारा तिरंगा है। हम अपने घरों व कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराते हैं उसके पीछे नवीन जिंदल सर का वो ऐतिहासिक संघर्श याद रखना चाहिए। उन्होंने मात्र 22 साल की उम्र में सपना देखा कि देष का हर नागरिक पूरे मान सम्मान के साथ अपने राष्ट्र ध्वज को फहरा सके। करीब एक दशक लंबे संघर्ष के बाद 23 जनवरी 2004 को सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया और हर भारतीय को तिरंगा फहराने का मौलिक अधिकार मिला। आज देश के 140 करोड़ नागरिक अगर सीना तान चैड़ा करके तिरंगा फहरा पाते हैं तो उसमें नवीन जिंदल का ऐतिहासिक योगदान है। हमारे संस्थापक चेयरमैन बाबूजी ओपी जिंदल ने हमें सिखाया था कि कर्म ही पूजा है और देष सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उसी राह पर चलते हुए जिंदल पावर नए कीर्तिमान रच रहा है। हम केवल बिजली नहीं बना रहे, बल्कि एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहे हैं। नवीन जिंदल का हमेशा से मानना रहा है कि हमारी सबसे बड़ी पूंजी हमारी मशीनें नहीं, बल्कि दिन रात निष्ठा से काम करने वाले हमारे कर्मचारी और उनका परिवार है। आपकी कड़ी मेहनत और नवीन जिंदल सर के विजन का ही परिणाम है कि आज जिंदल पावर लिमिटेड सफलता के नए शिखर को छू रहा है। एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने जिंदल पावर की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हम केवल प्रदर्शन बरकरार नहीं रख रहे हैं बल्कि दक्षता, विश्वसनीयता और उत्पदन क्षमता में निरंतर सुधार कर रहे हैं।

एक गमला शहीदों के नाम : नन्हें हाथों के द्वारा देश को प्रणाम

बिलाईगढ़। शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में स्वतंत्रता दिवस पर अभिनव पहल स्वतंत्रता दिवस केवल तिरंगा फहराने और देशभक्ति के गीत गाने का दिन नहीं, बल्कि उन वीर शहीदों को स्मरण करने का अवसर भी है, जिनके त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली। इसी भावना को जीवंत करते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के 80वें वर्ष की स्मृति में अभिनव कार्यक्रम एक गमला शहीदों के नाम९ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक विनोद कुमार डड़सेनाने पौधारोपण कर किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शहीदो को सच्ची श्रद्धांजलि केवल उन्हें याद करना नहीं बल्कि उनके सपनों के भारत को हरा भराख स्वच्छ और सुंदर बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। प्रत्येक पौधा उनके लिए केवल एक पौधा नहीं, बल्कि देश के वीर सपूतों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और संकल्प का प्रतीक बना। बच्चों के नन्हे हाथों से लगाए गए इन पौधों ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को एक नया अर्थ और यादगार पहचान दी। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी शिक्षक जीतेन्द्र गिरि गोस्वामी के विशेष सहयोग एवं प्रेरणा से इस पहल को साकार रूप मिला। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा शहीदों की याद में लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता का मूल्य और प्रकृति का महत्वए दोनों सिखाएगा।

चांदमारी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

रायगढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा, वार्ड पार्षद एवं नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्य अमित शर्मा पूर्व पार्षद श्रवण सिदार, अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ हज कमेटी के सदस्य गुलाम रहमान भाजपा महिला मोर्चा नगर इकाई रायगढ़ से मेहरून्निशा, शिक्षाविद् पूर्णानंद शर्मा सक्रिय पालक सदस्य इतवार सिंह राजकुमारी नाग, दिलीप कसेरा एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महावीर अग्रवाल, शालेय परिवार एवं जनसमुदाय की उपस्थिति में एसएमडीसी चांदमारी ने सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर, माल्यार्पण कर एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर ध्वजारोहण किया। राष्ट्र गीत वन्दे मातरम्, राष्ट्र गान जन गण समवेत स्वर में गाया गया। गगनभेदी जयघोष के नारे लगाए गए। स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगा गुब्बारों को उन्मुक्त गगन में छोड़ा गया। सम्माननीय आगंतुकों में से गुलाम रहमान समाजसेवी महावीर अग्रवाल एवं अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महावीर अग्रवाल ने राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ.मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ के उत्कृष्ट मंच संचालन शाला व समाज के प्रति उनके निष्ठा पूर्वक कर्तव्य निर्वहन की प्रशंसा की।

राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, उत्कृष्टता, समावेशी विकास की भावना एक साथ दिखाई दी

एनटीपीसी लारा में देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों के साथ मना 15 अगस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देशभक्ति, गौरव और सामाजिक सरोकारों से ओत प्रोत वातावरण में एनटीपीसी लारा में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। समारोह में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, उत्कृष्टता, सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी विकास की भावना एक साथ दिखाई दी।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने अनुशासित एवं शानदार परेड के साथ सलामी गारद प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। अपने संबोधन में सुभाष ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने अधिकारों के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराती है। उन्होंने कर्मचारियों से ईमानदारीए अनुशासनए प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी

संयंत्र की स्थापना के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से पाँच वर्ष की वैधता वाली संचालन की सहमति प्राप्त होना पर्यावरणीय प्रतिबद्धता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 50 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया गया तथा स्थापना से अब तक लगभग 6.89 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वर्ष लगभग 70,000 पौधों तथा मियावाकी वृक्षारोपण द्वितीय चरण में 12,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण को आजीविका से जोड़ते हुए स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से प्रयुक्त बैग फिल्टरों से 7,500 से अधिक पुनः उपयोग योग्य थैले तैयार किए जा चुके हैं।

ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में एनटीपीसी लारा की अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ.साथ राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एनटीपीसी लारा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले पाँच दशकों से एनटीपीसी देश की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान में एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 91,080 मेगावाट हैए जबकि लगभग 35,000 मेगावाट क्षमता निर्माणाधीन है। वर्ष 2032 तक 149 गीगावाट क्षमता, जिसमें 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है, हासिल करने का लक्ष्य देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इसी ऊर्जा यात्रा में एनटीपीसी लारा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 4,305.34 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सहित देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में एनटीपीसी लारा की निरंतर भूमिका और उसकी समर्पित टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।